हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 18 जून 2024
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 29 डिग्री

12 जलाशय के पुनर्निर्माण की जांच के लिए पहुंचे अधिकारी



14 भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से लोस चुनाव में मिली जीत : रुपकुमारी



## खबर संक्षेप

### बलौदाबाजार हिंसा पर आज कांग्रेस का प्रदर्शन

- पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता होंगे शामिल

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में हुई हिंसा के विरोध में कांग्रेस द्वारा 18 जून को जिलास्तरीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यह धरना प्रदर्शन गांधी मैदान में प्रातः 11 बजे होगा। इसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी सत्यनारायण शर्मा पूर्व मंत्री छग शासन सहित जिले एवं प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष शरद लोहाना ने पार्टी के सभी प्रकोष्ठ से उपस्थिति की अपील की है।

### शिवसिंह वर्मा स्कूल में जॉब मेला 20 को

**धमतरी।** लर्नेट स्किल्स लिमिटेड के तत्वावधान एवं प्राचार्य श्रीमती बी. मैथ्यू के निर्देशन में शिवसिंह वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में 20 जून को सुबह 10:30 बजे से निःशुल्क जॉब मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिले के 12वीं उत्तीर्ण एवं जॉब करने के इच्छुक अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। जॉब मेला के लिए अभ्यर्थी विद्यालय में खेमलता चंद्रवंशी व्यावसायिक प्रशिक्षक, श्रीमती अंकिता चौधरी व्यावसायिक प्रशिक्षक, जेपी देव क्रीड़ा शिक्षक, वीरेन्द्र श्रीवास व्यावसायिक प्रशिक्षक सेजेस कुरूद, श्रीमती मोनिका सिन्हा व्यावसायिक प्रशिक्षक श्रृंगी ऋषि सेजेस नगरी, गोविंदनारायण साहू व्यावसायिक प्रशिक्षक शास. उच्च. माध्य. विद्यालय सिहावा के पास अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### धीवर समाज करेगा योग महोत्सव का आयोजन

**धमतरी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को प्रातः 6 से 8 बजे तक धीवर समाज भवन महिमा सागर वार्ड धमतरी में योग महोत्सव का आयोजन किया गया है। समाज के योग प्रशिक्षक एवं योग में पारंगत समाज की बालिकाओं द्वारा योग कराया जाएगा। धीवर समाज के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, सचिव सोहन धीवर, प्राथमिक मत्स्य सहकारी समिति के यशवंत कोसरिया, महिला प्रकोष्ठ की महासंरक्षक संध्या हिरवानी, अध्यक्षा आशा धीवर, कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद निषाद, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष कृष्णा हिरवानी, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष फिरोज हिरवानी, सहकारिता प्रकोष्ठ अध्यक्ष बीरु हिरवानी ने परिजनों से योग महोत्सव में सपरिवार शामिल होने का अनुरोध किया है।

### नहर नाका के हनुमान मंदिर में चोरी



- आरती थाली, पीतल की घंटी, नकदी सहित दानपेटी गायब

**धमतरी।** नहर नाका चौक के पास स्थित मंदिर में अज्ञात चोरों ने दानपेटी सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार दानीटोला के नहर नाका चौक में बस स्टापेज के पास हनुमान जी का मंदिर है। शनिवार की देर रात्रि अज्ञात चोर मंदिर के दरवाजे पर लगा ताला तोड़कर भीतर रखे चांदी की आरती थाली, पीतल की घंटी, नकदी हजार रूपए सहित दानपेटी की चोरी कर फरार हो गया। रविवार की सुबह पूजा करने गए लोगों ने दरवाजा का ताला टूटा देखा। मंदिर के भीतर जाकर देखा तो दानपेटी सहित अन्य सामान गायब थे।

प्राइमरी, मिडिल और हाईस्कूल में खेल शिक्षक ही नहीं

# लाखों रुपए की शुल्क वसूली, फिर भी खिलाड़ियों को नहीं मिल रही सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

क्रीड़ा शुल्क वसूली के बाद भी सरकारी स्कूलों में छात्रों को खेल सुविधाएं पर्याप्त नहीं मिल रही हैं। स्कूलों में न तो ढंग का खेल मैदान है और न ही खेल सामग्री। यही कारण है कि इन स्कूलों से पढ़ने वाले खिलाड़ियों की प्रतिभा निखर नहीं पा रही है।

एडमिशन के वक्त ही सरकारी स्कूलों में हर साल हाई और हायर सेकेंडरी कक्षा के छात्रों से क्रीड़ा शुल्क लिया जाता है। 9-10 वीं में प्रति छात्र 50 रुपए और 11-12वीं कक्षा में प्रति छात्र 65 रुपए का शुल्क लिया जाता है। हर साल लाखों रुपए का क्रीड़ा शुल्क कलेक्ट होता है, फिर भी खिलाड़ियों को सुविधाएं नहीं मिलती। कोरोना संक्रमण काल में खेल आयोजन बंद था। प्रैक्टिस भी बंद थी। पिछले दो साल के बाद खेल आयोजन फिर से शुरू हुआ। खिलाड़ी बड़ी उम्मीद से स्कूल पहुंच रहे हैं लेकिन उन्हें खेलने के लिए पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। बारिश में अधिकांश स्कूलों के खेल मैदान में पानी भर जाता है, जिसके चलते बारिश के चार माह प्रैक्टिस भी बंद रहती है।



फाइल फोटो

#### सुधरा है परफार्मेंस

पिछले दो साल से खेलों में जिले का परफार्मेंस सुधरा है। हर साल 50-60 मैडल जिले को मिल रहे हैं। इस साल तो 20 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर खेल का प्रदर्शन किया है। हायर सेकेंडरी स्कूलों में ही व्यायाम शिक्षक के पद हैं। 90 प्रतिशत हायर सेकेंडरी स्कूल में ये पद भरे हुए हैं।

- हरीश देवांगन, *खेल अधिकारी शिक्षा विभाग*

#### अधिकांश स्कूलों में खेल प्रशिक्षक नहीं

जिले में 111 हायर सेकेंडरी और 57 हाई स्कूल हैं। इन स्कूलों के प्रत्येक छात्र से क्रीड़ा शुल्क लिया जाता है। इसके बाद भी अधिकांश स्कूल बिना खेल प्रशिक्षक के चल रहे हैं। जिले में मात्र 80 खेल प्रशिक्षक हैं, जिनकी नियुक्ति हायर सेकेंडरी स्कूलों में की गई है। इसके बावजूद 31 हायर सेकेंडरी स्कूलों में खेल शिक्षक नहीं हैं। सभी हाईस्कूल बिना खेल प्रशिक्षक के चल रहे हैं। खेल प्रशिक्षक नहीं होने से छात्रों की खेल प्रतिभा भी सिमटकर रह गई है।

#### ऐसे होता है बंटवारा

क्रीड़ा शुल्क वसूली के बाद 50 प्रतिशत राशि स्कूलों को मिलती है जिसमें खिलाड़ियों को तैयार किया जाता है। इसके अतिरिक्त 20 प्रतिशत राशि जिला शिक्षाधिकारी से मिलती है। जिससे संभाग स्तर पर होने वाले आयोजन में खिलाड़ियों का भोजन, आना-जाना आदि का खर्च उठाया जाता है। 10 प्रतिशत राशि विकासखंड शिक्षाधिकारी और 20 प्रतिशत क्षेत्रीय स्तर पर दी जाती है।

# महापौर, अध्यक्ष का चुनाव जनता करेगी

- जिले के 1 नगर निगम तथा 5 नगर पंचायतों में परिसीमन करने का आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगरीय निकाय चुनाव में जनता को फिर से अपनी पसंद का महापौर और अध्यक्ष चुनने का मौका मिलेगा। आगामी नवंबर-दिसंबर में होने जा रहे निकाय चुनाव की प्रशासनिक तैयारी शुरु हो गई है। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने प्रदेश में समस्त कलेक्टरों को पत्र जारी कर निकाय चुनाव के लिए वार्डों के परिसीमन की कार्रवाई पूर्ण करने को कहा है।

उल्लेखनीय है कि सन 2019 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद नगरीय निकाय चुनाव में महापौर और अध्यक्ष का चयन अप्रत्यक्ष प्रणाली से करने का निर्णय लिया था। इसके तहत जिले के धमतरी नगर निगम तथा कुरूद, मगरलोड, नगरी, भखारा, आमदी नगर पंचायतों का महापौर और अध्यक्ष पार्षदों के बहुमत से चुना गया था। सत्ता परिवर्तन होने के बाद फिर से महापौर और अध्यक्षों का चुनाव आमजनता प्रत्यक्ष रूप से चुनेगी। रविवार को राजधानी स्थित कुशाभाउ ठाकरे परिसर में विधायक दल, सांसदों और भाजपा के कोरग्रुप की बैठक में महापौर, अध्यक्ष के प्रत्यक्ष चुनाव पर सहमति बनी है।




#### वार्डों में मतदाताओं की संख्या कहीं कम तो कहीं ज्यादा

नगर पालिक निगम धमतरी में 40 वार्ड है। 5 साल पहले हुए परिसीमन में वार्डों की मतदाताओं की संख्या पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया। पूर्व पार्षद भरत देवांगन ने बताया कि हटकेशर वार्ड में 2000 से अधिक मतदाता थे जबकि इससे लगे वार्ड शीतलापारा में 1000 से कम मतदाता थे। वहीं सुभाषनगर वार्ड में भी मतदाताओं की संख्या करीब 2 हजार थी। वार्ड परिसीमन में मतदाताओं की संख्या पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

#### 4 गांव हो सकते हैं निगम में शामिल

2011 की जनगणना में शहरी जनसंख्या में रूद्री, श्यामतराई, अर्जुनी तथा रत्नाबांधा गांव को शामिल किया गया था। इसी गांवों की जनसंख्या को जोड़कर नगरपालिक से नगरनिगम का दर्जा धमतरी शहर को मिला है। इस साल होने जा रहे परिसीमन में चारों गांव को नगरीय निकाय में शामिल करने का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जा सकता है।

#### वार्डों का होगा परिसीमन

संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास ने 14 जून को समस्त कलेक्टरों को पत्र जारी कर कहा है कि नगरीय निकायों का निर्वाचन नवंबर - दिसंबर 2024 में नियत है। नगर निगम अधिनियम के तहत वर्ष 2011 की जनगणना के पश्चात नगरीय निकायों की जनसंख्या में वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए नगरीय निकाय के वार्डों का परिसीमन किया जाना है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उक्त कार्रवाई अनिवार्य रूप से शीघ्र की जानी है। परिसीमन के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 जून को वार्डों के परिसीमन के लिए राजस्व अधिकारी का नाम निर्दिष्ट किया जाना है। 21 जून को परिसीमन की कार्रवाई के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण न्यू सर्किट हाउस रायपुर में होगा। 24 जून से 8 जुलाई तक वार्डों का सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किया जाना है। 9 जुलाई से 15 जुलाई तक सीमा निर्धारित प्रपत्र में प्रारंभिक प्रकाशन कर आपत्ति तथा सुझाव का आमंत्रण किया जाएगा। 18 जुलाई को जिला कलेक्टर द्वारा आपत्ति सुझाव पर अभिमत सहित पूर्ण प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित किया जायेगा।

# नम हवाओं से मिली राहत तापमान 38 डिग्री पर आया

- बारिश की बनी संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। नमीयुक्त हवा चलने तथा कहीं-कहीं बौछारें होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से जरा राहत मिली है। मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना बताई है।

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार छग के कुछ और हिस्सों में दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। 4-5 दिनों के दौरान प्रदेश के कुछ और हिस्सों में मानसून प्रवेश कर लेगा। 24 घंटे के दौरान तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद दो से तीन डिग्री तापमान में गिरावट आ सकती है। जिले में सोमवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री पर रहा। रविवार की अपेक्षा तापमान में एक डिग्री की गिरावट आई है। मंगलवार को प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने का पूर्वानुमान है। वहीं गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने की चेतावनी दी गई है। सिनोप्टिक सिस्टम में उत्तर दक्षिण द्रोणिका उत्तर बिहार से गंगीय पश्चिम बंगाल के दक्षिणी भाग तक समुद्र तल से 1.5 किमी की उंचाई पर स्थित है। वहीं पूर्व पश्चिम द्रोणिका रेखा गोवा से दक्षिण तटीय आंध्रप्रदेश तक समुद्र तल से 3.1 किमी की उंचाई पर मौजूद है।



# चाकूबाजी की घटना से सहमे इतवारी बाजार के दुकानदारों ने पुलिस से मांगी सुरक्षा

- बीते सप्ताह इतवारी बाजार में हुई चाकूबाजी से दो दुकानदार हुए थे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बीते सप्ताह इतवारी बाजार में हुई चाकूबाजी की घटना से सहमे दुकानदारों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से सुरक्षा मांगी।

उल्लेखनीय है कि बीते 9 जून की शाम इतवारी बाजार ग्राहकों से भरा हुआ था। साप्ताहिक बाजार होने के कारण सब्जी, कपड़ा सहित अन्य सामान बेचने वाले व्यवसायी दुकान लगाकर व्यवसाय कर रहे थे। इस दौरान सौरभ राजपूत मराठापारा निवासी व नरेंद्र उर्फ कतरा बांसपारा निवासी ने इतवारी बाजार पहुंचकर निगम आफिस के सामने सड़क पर पसरा लगाकर कपड़ा बेच रहे रमेश दास बनियापारा निवासी व सुदामा निर्मलकर जालमपुर वार्ड निवासी से पैसों की मांग की। व्यवसायियों द्वारा मना करने पर दोनों युवकों ने एकराय होकर अपने पास रखे चाकू को दिखाते हुए उन्हें मारने की धमकी दी। नरेंद्र ने चाकू से रमेश दास के पेट में वारकर घायल कर दिया था। वहीं सुदामा की कमर पर चाकू घोंप दिया। आसपास के दुकानदारों ने घायलों का बीच बचाव किया। घटना में गंभीर रूप से घायल को अस्पताल भेजा गया था। घायल रमेशदास की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी सौरभ राजपूत व नरेंद्र उर्फ कतरा के खिलाफ धारा 327, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई। घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने साप्ताहिक बाजार के दिन पुलिस जवान को तैनात करने का आश्वासन दिया था। लेकिन इस सप्ताह इतवारी बाजार पहुंचे व्यवसायी पुलिस की तैनाती न देखकर सिटी कोतवाली पहुंचे।



दुकानदारों ने मीडिया को बताया कि साप्ताहिक बाजार के दौरान पुलिस पेट्रालिंग टीम व पुलिसकर्मियों को लगाने की बात कही थी। लेकिन शाम होने तक कोई पुलिसकर्मी नहीं आया। घटना की पुनरावृत्ति रोकने व्यवसायियों ने बाजार में पुलिस की पेट्रोलिंग टीम घुमाने व आरोपी चाकूबाजों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# ग्रामीणों को स्वच्छता, पौधरोपण, जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित

**धमतरी।** जिले में स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन 12 जून तक किया गया। इस दौरान जिले के धमतरी, कुरूद, मगरलोड, नगरी विकासखंड की ग्राम पंचायतों में स्वच्छ हरित ग्राम आधारित रैली निकाली गई और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों, स्वसहायता समूह की दीदियों का सम्मान किया गया। पंचायत में समूह की महिलाओं को जोड़कर जलकर एवं स्वच्छता शुल्क प्रति परिवार से कलेक्शन करने के संबंध में बताया गया। बिहान अंतर्गत गठित स्वसहायता समूह ग्राम संगठन को स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह कार्यक्रम में सम्मिलित कर सहभागिता एवं कर प्रदाय कर सहयोग करने जागरूक किया गया। इस आयोजन में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, मेट, बिहान समूह की महिलाएं, ग्रीन आर्मी स्वच्छता समूह की दीदी, स्वयंसेवी संस्था प्रथम, प्रदान संस्था, एग्रीकेट सोसायटी, अजीम प्रेमजी फाउडेंशन, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई, दीवार लेखन, स्वच्छता एवं पेयजल पर आधारित नारा लेखन, स्वच्छता के तहत सामुदायिक शौचालय की साफ-सफाई की गई। पर्यावरण जागरूकता हेतु पुराने वृक्षों पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों द्वारा रक्षा सूत्र बांधकर उसकी रक्षा करने का वचन लिया गया। प्रधानमंत्री आवास एवं जनमन आवास हितग्राहियों के घरों के पास गड्ढों की खुदाई वृक्षारोपण हेतु की गई। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्रों की साफ-सफाई, कचरा संग्रहण एवं स्वच्छता कर संबंधित मॉडल पर चर्चा की गई।

नदियों से रेत की निकासी जारी, हाइवा-ट्रेक्टर दौड़ रहे सड़कों पर

# प्रतिबंध के बाद भी बंद नहीं हुई जिले की खदानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नदियों के अस्तित्व एवं उनके प्राकृतिक स्वरूप को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने गाइडलाइन जारी कर रखी है। इस गाइडलाइन के अनुसार 16 जून के बाद नदी घाट से रेत की निकासी पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। इस नियम को ठेंगा दिखाकर जिले में रेत खदानों का संचालन किया जा रहा है।

एनजीटी ने आदेश जारी कर 15 जून के बाद नदियों से रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है। निर्माण कार्यों में रेत की आपूर्ति के लिए कई स्थानों पर रेत डंपिंग की अनुमति दी गई है। नियमानुसार रविवार से नदियों से रेत की लोडिंग बंद कर दी जानी थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। प्रतिबंध लगने के बाद भी कई खदानों में रेत उत्खनन और नदी से लोडिंग का काम चल रहा है। ट्रेक्टरों से भी निरंतर रेत का उत्खनन चल रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले में सिर्फ पांच रेत खदान वैध हैं। जितनी वैध खदान है, उससे चार गुना अधिक अवैध रेत खदान चल रही है। इन खदानों में भी ट्रेक्टर, हाइवा से रेत निकाली जा रही है।



#### डंपिंग का चल रहा खेल

डंपिंग के नाम पर जिले में रेत उत्खनन का खेल चलता है। डंपिंग पाइंट में बारिश से पहले ही स्टाक करना होता है। स्थिति यह है कि डंपिंग पाइंट में प्रतिबंध के दौरान भी नदी से रेत निकालकर डंपिंग पाइंट में स्टोर किया जाता है। रात में नदी से चोरी-छिपे रेत निकाली जाती है। बाद में इसी रेत को महंगे दाम में डंपिंग पाइंट से बेचा जाता है। कुल मिलाकर यहां भी नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

#### रेत के दाम बढ़े

भले ही नदियों से रेत की निकासी चल रही है लेकिन प्रतिबंध की आड़ में रेत के दाम बढ़ा दिए गए हैं। मटेरियल सप्लायरों ने बताया कि प्रतिबंध लगने के बाद रिस्क बढ़ गया है। गाड़ियों की धर-पकड़ भी तेज हो गई है। ऐसे में निकासी का खर्च भी बढ़ गया है, जिसके कारण रेत के दाम बढ़ गए हैं।

### सहकारी कर्मचारी रायपुर में आज देंगे धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के आह्वान पर 18 जून को सुबह 11बजे नया रायपुर तूता में जायज लंबित मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन, महारैली का आयोजन किया गया है। उनकी प्रमुख मांग मध्यप्रदेश शासन की भांति छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रबंधकीय अनुदान राशि लेने, धान खरीदी में सूखत आदि का प्रावधान करने, जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के खाली रिक्त पदों पर समिति कर्मचारियों की भर्ती करने एवं सेवा नियम 2018 में संशोधन कर वेतनमान में बढ़ोतरी शामिल है। यह जानकारी जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने दी है।




पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### जिला भाजपा मंत्री विधायक मूणत से मिले

**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला भाजपा मंत्री राजेंद्र गोलछा ने पूर्व कैबिनेट मंत्री व रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत से भेंट की।

### कार्यशाला में योग करने के बताए गए फायदे

**बगदेही(धमतरी)।** डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा के तत्वावधान में फिजिकल फिटनेस ट्रेनिंग एवं योगा कार्यशाला का आयोजन किया गया है। तारिणी साहू बीपीएड छात्रा ने प्रशिक्षार्थियों को फिटनेस, हेल्थ, शारीरिक शिक्षा, योगा एवं व्यायाम करने के फायदे बताए। कार्यशाला का प्रारम्भ नॉर्मल वार्मअप के बाद 100 मी., 200मी., शॉट पुट, हाई जंप, लॉन्ग जंप, चिनअप के साथ हुआ। सभी को रनिंग एवं जंप की टेक्निक बताई गई। एकेडमी के संस्थापक गुलशन साहू ने बताया कि 21 जून को योगा दिवस का आयोजन किया गया है। यह कार्यशाला तीन दिन तक चलेगी। राष्ट्रगान के साथ कार्यशला का समापन हुआ।

### किसानों को आर्थिक सुदृढ़ करने दिया गया प्रशिक्षण

**नगरी।** प्रबंध संचालक कृष्ण जाधव के निर्देशन पर कृषि वानिकी योजना अंतर्गत कृषक भूमि पर लघु वनोपज औषधीय प्रजाति रोपण हेतु जिला यूनियन धमतरी की दो दिवसीय प्रशिक्षण सहकार्यशाला दुगली में हुई। उपप्रबंध संचालक एफआर कोसरिया ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी।

## निधन

### कुणाल कुर्रे



**सिर्री।** ग्राम थूहा बंगोली निवासी 15 वर्षीय कुणाल कुर्रे का 15 जून शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे धर्मेंद्र कुर्रे के पुत्र और तेजेश्वर कुर्रे अध्यक्ष सतनामी समाज ब्लाक भखारा के भतीजे थे। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने ग्रामीण सहित समाजजनों की काफी भीड़ रही।

### चंद्रशेखर बिसेन



**सांकरा।** नगरी सांकरा निवासी चंद्रशेखर बिसेन 36 वर्ष का रविवार को हृदयाघात से निधन हो गया। वे श्रीमती जानकी बाई बिसेन के बड़े पुत्र एवं दीपक बिसेन के भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और मृत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिला इकाई की कार्यकारिणी बैठक मां शाकम्भरी भवन हटकेशर में हुई

# कोसरिया मरार पटेल समाज ने दिया शिक्षा व एकता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कोसरिया मरार पटेल समाज प्रदेश की जोन व जिला इकाई की कार्यकारिणी बैठक मां शाकम्भरी भवन हटकेशर धमतरी में हुई। इस अवसर पर समाज के जिला अध्यक्ष मिश्रीरलाल पटेल ने कहा कि एक सुदृढ़ संगठन एवं सामाजिक एकता से ही सशक्त तथा विकसित समाज का निर्माण हो सकता है। कोसरिया मरार पटेल समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल ने कहा कि समाज के संपूर्ण विकास के लिए युवा, महिला एवं कर्मचारियों की सहभागिता आवश्यक है। बच्चों एवं युवाओं की बेहतर शिक्षा के लिए समाज द्वारा कोचिंग क्लास तथा समर कैंप जैसे कार्यक्रम को बढ़ावा देना चाहिए। समाज में संगठन को सुदृढ़ करने करने के उद्देश्य से प्रत्येक गांव से युवा, महिला, बुजुर्ग तथा कर्मचारियों की 6 सदस्यीय टीम का गठन किया जायेगा जो गांव से लेकर प्रदेश की गतिविधियों पर सहभागिता प्रदान करेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष खेलूराम पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष लीलार सिंह पटेल, प्रदेश महामंत्री कुबेर पटेल, बगौद राज अध्यक्ष सियाराम पटेल, बारना राज अध्यक्ष किसन पटेल, जामगांव राज अध्यक्ष कपिल पटेल, पोटियाडीह राज अध्यक्ष डॉ लखन पटेल, कुरुद तहसील अध्यक्ष वासुदेव पटेल, जिला उपाध्यक्ष नरेश कौशल ने समाज में आदर्श तथा सामूहिक विवाह, नशामुक्ति कार्यक्रम, दशगात्र कार्यक्रम में सादा भोजन, धर्मांतरण उन्मूलन, अंतर्जातीय विवाह मामले आदि पर विशेष चर्चा की। समाज की नियमावली के संशोधन पर विचार साझा किया। बैठक का संचालन जिला सचिव दिलीप पटेल व आभार प्रदर्शन जिला सहसचिव शोभाराम पटेल परखंदा ने किया।

इस बैठक में डामेश्वर पटेल सिहावा राज उपाध्यक्ष, उपकोषाध्यक्ष दिलीप पटेल बेलर, जिला मीडिया प्रभारी विमल पटेल, राधुराम पटेल, अर्जुन पटेल, बैशाखू राम पटेल, भागीरथी पटेल, लालजी पटेल, युधिष्ठिर पटेल, गजेंद्र पटेल, श्यामलाल पटेल, प्रहलाद पटेल, रामचंद पटेल, चन्द्रकला पटेल, बिमला पटेल, श्यामा पटेल, सीमा पटेल, दाउलाल पटेल समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। यह जानकारी कोसरिया मरार पटेल समाज जिला सचिव दिलीप पटेल ने दी है।

# जलाशय के पुनर्निर्माण की जांच के लिए पहुंचे अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम बरबांधा में लम्बे समय से जलाशय के पुनर्निर्माण की मांग ग्रामवासियों द्वारा किया जा रही है जिसे विगत कार्यकाल बजट में पारित कर राशि स्वीकृत की गई। वेस्ट वियर निर्माण में किसानों की जमीन क्षति पूर्ति मुआवजा की जांच निरीक्षण समिति द्वारा की गई। ग्रामसभा में सभी किसानों द्वारा मुआवजा देने की जानकारी दी गई। निरीक्षण समिति द्वारा जलाशय की जानकारी लेने स्थल निरीक्षण किया एवं ग्रामवासियों से चर्चा करते हुए वेस्ट वियर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान देने जल संसाधन विभाग के एसडीओ श्री सिन्हा से चर्चा की।

मौके पर दयाराम कश्यप सेनि तहसीलदार, आरएल देव सेनि बीईओ, श्रीमती राजिम साहू जनपद सदस्य, उमेश देव जनपद सदस्य नगरी, तोखन कोर्राम सरपंच बरबांधा, शैलेन्द्र सिन्हा एसडीओ जलसंसाधन, श्री डडसेना एसडीओ पीडब्ल्यूडी, एसके सिन्हा एसडीओ आरईएस, श्री ठाकुर एसडीओ पीएचई, पीलाराम कोर्राम पूर्व सरपंच समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

# शारदादास बने छतीसगढ़ मानस संगठन के जिलाध्यक्ष

- मानस पथिकों ने संगठन के दिवंगत मानस रत्नों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



छतीसगढ़ मानस संगठन का चुनाव ग्राम अरकार में हुआ। इसमें दुर्ग, बालोद तथा जिला धमतरी के मानस संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में मानस पथिकों द्वारा संगठन के दिवंगत मानस रत्नों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रांतीय अध्यक्ष एवं संस्थापक चम्पेश्वर सिंह राजपूत ने स्वागत भाषण एवं विभिन्न एजेंडा पर परिचर्चा की। समस्त जनों के विचार भी आमंत्रित किए गए। विभिन्न एजेंडों पर परिचर्चा की गई तथा यह निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ मानस संगठन का उद्देश्य मात्र मानस मंचों पर गायन वादन एवं व्याख्यान करना ही नहीं है बल्कि अन्य सामाजिक कार्यों में भी अपनी सहभागिता प्रदान करनी है।

प्रांतीय अध्यक्ष के निर्देशन में चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ की गई। विभिन्न जिलों के अध्यक्ष एवं अन्य पदों के लिए उम्मीदवारों द्वारा आवेदन आमंत्रित किये गए। चुनाव प्रभारी हेमलाल साहू ने परिणाम घोषित किया। निर्विरोध रूप से धमतरी जिलाध्यक्ष के लिए शारदादास मानिकपुरी निर्वाचित हुए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सलाहकार लल्लू राम वर्मा द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन श्रीमती राधा मोहन साहू प्रांतीय महासचिव ने किया। मौके पर मनमोहन साहू प्रमुख सलाहकार छत्तीसगढ़ मानस संगठन, दिनेश्वर गंगबेर, कुंजराम साहू, महेश साहू, किशोर साहू, मनोज भारती, ओमप्रकाश यादव, बसंती यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

# बिजली कर्मियों के साथ कभी भी घट सकती है अप्रिय घटना

- स्थानीय समस्याओं के संबंध में महासंघ ने कार्यपालन यंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ धमतरी कुरूद ने बिजली कर्मियों की स्थानीय समस्याओं के संबंध में कार्यपालन यंत्री संभाग धमतरी कुरुद को पत्र लिखा।

बता दें कि धमतरी कुरूद संभाग के अंतर्गत संचालित 33/11 उपकेंद्रों में झाड़ियों एवं घास की नियमित सफाई नहीं होने के कारण बिजली कर्मचारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गर्मी के मौसम में इन अवांछित झाड़ियों व घास में आग लगने का खतरा बना रहता है। उपकेंद्रों में सफाई न होने से सर्प, बिच्छू आदि विषैले जीव जंतु विचरण करते रहते हैं। उक्त परिस्थितियों में कार्यरत कर्मचारियों के साथ कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है।

इसके अतिरिक्त तकनीकी कर्मचारियों को विगत कुछ वर्षों से रेनकोट, गमबूट एवं टॉर्च विभाग की ओर से प्राप्त नहीं हुआ है। इससे विद्युत लाइन के रखरखाव में दिन-रात जुटे तकनीकी कर्मचारियों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आंधी-तूफान एवं बारिश के मौसम में सब स्टेशनों में तथा लाइन मेंटेनेंस गैंग के पास उपरोक्त सामग्री नहीं होती तथा कर्मचारियों को अक्सर अंधेरे, कीचड़ व गहरे पानी में कार्य करना पड़ता है जहां पर विषैले जीव जंतुओं का भय बना रहता है। इन विषयों पर पत्र लिखकर शीघ्र निराकरण की मांग महासंघ द्वारा की गई है ।

# सरकार बनाने में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका : जलक्षत्री

- कृषकों को आत्मनिर्भर बनाने चुनाव कराने पास किया प्रस्ताव
- सहकार भारती की हुई जिला स्तरीय बैठक, हिरेन्द्र सहकार भारती के जिला अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





सहकार भारती की जिला स्तरीय बैठक साहू हेरिटेज में राधेश्याम जलक्षत्री के मुख्य आतिथ्य तथा प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मीकांत दिव्येदी की अध्यक्षता एवं प्रांतीय संगठन मंत्री गिरधर मढ़रिया, सुरेन्द्र देशमुख प्रदेश मंत्री, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस के विशेष आतिथ्य में हुआ। 6,7 जुलाई को होने वाले प्रांतीय अधिवेशन तथा नवंबर माह में पंजाब में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में किसानों की समस्याओं को पुरजोर तरीके से रखने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री जलछत्री ने कहा कि सहकारिता एक जन आंदोलन है। इसके बगैर सरकार के निर्माण के साथ ही उसकी सफलता अधूरी है। इस सेवा का माध्यम बनाकर सार्वजनिक जीवन को व्यक्ति सफल कर सकता है। श्री द्विवेदी ने सहकारिता के क्षेत्र में काम करने वाले सभी बैंकों को एक मंच पर आने कर बात कही। बैठक में गिरधर माढ़रिया तथा सुरेंद्र देशमुख तथा प्रकाश बैस ने भी अपने विचार व्यक्त किए। स्वागत उद्बोधन भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी दयाराम साहू ने दिया। कार्यक्रम का संचालन हिरेंद्र साहू तथा आभार प्रदर्शन यतीश भूषण श्रीवास्तव ने किया। मौके पर नेहरू निषाद प्रदेश संयोजक मछुआ मोर्चा, मालक राम साहू प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला महामंत्री अविनाश दुबे, छत्रपाल बैस सहकारिता जिला अध्यक्ष, हेमलता शर्मा प्रदेश महिला, उमेश साहू मंडल अध्यक्ष, बीथिका विश्वास संघ सेविका पूर्व जिलाध्यक्ष, सुशीला तिवारी पार्षद, हेमंत माला नगर पंचायत अध्यक्ष, चंद्रकला पटेल जिलाध्यक्ष, यतीश भूषण श्रीवास्तव मार्केटिंग सोसायटी, गीतेश्वरी साहू सरपंच, रितिका यादव पार्षद, सरिता यादव पूर्व पार्षद, तीजिया कुम्भकार सोसाइटी संचालिका, रूपचंद साहू, निर्मल चंद्राकर, लेखराम साहू, जागेंद्र साहू जनपद सदस्य, गोपाल साहू, गणेश प्रसाद साहू, कमल नारायण समेत बड़ी संख्या में कृषक मौजूद थे। हिरेन्द्र साहू सहकार भारती के जिला अध्यक्ष बनाए गए। बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि पिछली सरकार द्वारा सहकारिता के दरवाजे बंद करने के लिए चुनाव को समाप्त करते हुए मनोनयन की प्रक्रिया अपनाई गई थी। कृषि तथा किसानों के हित पर पुनर्विचार करते हुए फिर से चुनावी प्रक्रिया को अपनाकर आम किसानों की सहभागिता को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में प्रस्ताव राज्य सरकार को प्रेषित करने की बात कही।

# निगम को बदनाम करना नेता प्रतिपक्ष की फितरत : हाशमी

- एलम मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा को दिया जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जल विभाग अध्यक्ष अवैश हाशमी ने निगम के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर जून की गर्मी और बारिश के मौसम में पेयजल एवं जल संबंधित व्यवस्था को और बेहतर बनाने चर्चा की। श्री हाशमी ने कहा कि प्रभारी कार्यपालन अभियंता से एलम की जांच रिपोर्ट के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि अभी तक जांच रिपोर्ट निगम में नहीं आई है। इस मामले में निगम के नेता प्रतिपक्ष का बयान आया है कि जांच रिपोर्ट तो पहले ही आ गई है। इस पर श्री हाशमी ने कहा कि जब जांच रिपोर्ट निगम में नहीं आई है तो फिर नेता प्रतिपक्ष के पास कहां से आ गई। कहीं पहले से जांच रिपोर्ट हासिल कर नेता प्रतिपक्ष द्वारा अवैध वसूली का प्रयास तो नहीं किया जा रहा था। अधिकारी-कर्मचारियों पर दबाव डालना व निगम को बदनाम करना नेता प्रतिपक्ष की फितरत है। उलूल-जुलूल स्टेटमेंट देकर क्या साबित करना चाहते हैं। इनके पास 30 मई को जांच रिपोर्ट आ गई है तो शासन इनकी है, अब तक क्या कर रहे थे। कार्रवाई करनी चाहिए थी। इन्होंने बाईपास रोड किनारे कचरे का मुद्दा तामझाम कर उठाया फिर चुप्पी साध ली । उसमे भी साफ नजर आता है कि इनका स्वार्थ पूरा हो गया है। कांग्रेस पार्षद नीलू पवार, कमलेश सोनकर, सविता कंवर, पूर्णिमा रजक ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष का खुद का वार्ड मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। वार्ड के लोग इनके दर्शन के लिए तरस गए। इनके द्वारा शहर में भ्रम फैलाने और अधिकारी कर्मचारियों पर दबाव डाला जाता है। कांग्रेस शासन से शहर हित के लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत हुए थे। जिन कार्यों का वर्क ऑर्डर जारी हो गया था, उसे निरस्त करवाकर सिर्फ अपने बीजेपी वार्डों का स्टीमेट बनवाकर शासन से स्वीकृत कराने का षड्यंत्र किया गया। शहर के विकास पर ब्रेक लगाने का काम किया गया।

Pride of Dhamtari







विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431, मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

गातापार में हुई संगवारी साहित्य समिति की काव्य गोष्ठी

# कवियों ने सामाजिक कुरीतियों पर किया कड़ा प्रहार





हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम गातापार में संगवारी साहित्य समिति सिर्री की मासिक गोष्ठी आयोजित की गई। अंचल के कवि, साहित्यकारों ने अपनी कविताओं से पर्यावरण, सामाजिक कुरीतियों और जनजागरूकता का संदेश दिया। योगिता साहू फुलकैना चोरभट्टी ने सरस्वती वंदना और सेलिना दावना भैंसबोड़ ने छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना की गीत पढ़ी। गीतकार बृजलाल दावना ने किसानों की महिमा को गाया। जागेन्द्र सिन्हा कन्हारपुरी ने ओज की कविता से अपना परिचय दिया। लीलाराम सिन्हा रसिक मरौद ने सरकारी योजनाओं पर कड़ा प्रहार किया। मोहन कंसारी नारी ने पेड़ लगाने का संदेश और नारी शिक्षा पर कविता प्रस्तुत की। बाल पंडवानी कलाकार आराध्या साहू ग्राम बकली ने माता-पिता की महिमा का बखान किया। दामेश्वरी साहू ने गीत गाकर मन मोहा। मकसूदन राम साहू बरीवाला ने चिरपरिचित अंदाज में कविता सुनाई। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक चोपेश्वर साहू ने करिया बादर आवथ हे शीर्षक पर कविता पढ़ी। राजू छत्तीसगढ़िया गातापार ने मानसून और खेती किसानी पर कविता प्रस्तुत की। गंगाप्रसाद साहू ने छतीसगढ़ की माटी का गुणगान किया। कार्यक्रम के संचालक रामेश्वर साहू बकली ने महिला और पुरुषों के बीच व्याप्त असमानताओं को कविताओं से रेखांकित किया। इस अवसर पर शेखनलाल साहू, ठाकुरराम साहू, रामबरन साहू, राजकुमार कोसरे, दिलीप साहू, लालाराम साहू, पवन साहू, शत्रुहन साहू, प्रभुराम साहू समेत बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### 2550 रुपए की शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर शराब रेड कार्यवाही हेतु ग्राम रानवाही बाजार स्थल के सामने घेराबंदी कर दबिश दिया। दबिश के दौरान कृष्णा नेताम पिता स्व. चमरा राम नेताम उम्र 44 वर्ष ग्राम कोकानपुर थाना कोरर जिला कांकेर के विरूध्द आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया। उक्त अंग्रेजी शराब को बिक्री करने हेतु कोरर ले जाना बताया तथा उनके थैला को तलाशी लेने पर थैला के अंदर गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब 05 पौवा मेक्डवल नं.- 1 अंग्रेजी शराब 05 पौवा लाईफ स्टाईल फाईन अंग्रेजी शराब 05 पौवा कुल शराब 2.700 एमएल कीमती 2550 रूपये थैला के साथ बरामद हुआ। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा- 34(1)(क) आबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया गया।

### सहकारी कर्मचारी रायपुर के धरने में आज होंगे शामिल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के आव्हान पर आज 18 जून को सुबह 11 बजे नया रायपुर तूता में लंबित मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन, महारैली का आयोजन किया गया है। उनकी प्रमुख मांग मध्यप्रदेश शासन की भांति छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रबंधकीय अनुदान राशि लेने, धान खरीदी में सूखत आदि का प्रावधान करने, जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के खाली रिक्त पदों पर समिति कर्मचारियों की भर्ती करने एवं - सेवा नियम 2018 में संशोधन कर वेतनमान में बढ़ोतरी शामिल है। जिला अध्यक्ष केशव नाग ने बताया कि कांकेर जिला से 300 पदाधिकारी व सदस्य आंदोलन में शामिल होंगे।

### केंद्रीय राज्यमंत्री आज कांकेर में

**कांकेर।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू 18 जून को अपने प्रवास के दौरान कांकेर जिले में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय राज्य मंत्री दोपहर 04 बजे कार द्वारा कांकेर पहुंचेंगे।

# प्रशासनिक सेवा की मुख्य और छग शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए हुआ मेगा टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रशासनिक सेवा मुख्य परीक्षा 2023 एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा प्रभात मलिक कलेक्टर महासमुंद के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ पीएससी मुख्य परीक्षा के 07 टेस्ट सीरीज का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा के 10 टेस्ट सीरीज का आयोजन किया गया।

जारी विज्ञप्ति में डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रशासनिक सेवा मुख्य परीक्षा 2023 एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 को ध्यान में रखते हु टेस्ट सीरीज का आयोजन किया गया, जिसमे छत्तीसगढ़ पीएससी मुख्य परीक्षा के 07 टेस्ट सीरीज का एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा के 10 टेस्ट सीरीज का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ पीएससी मुख्य परीक्षा के लिए 07 टेस्ट सीरीज आयोजित किया गया एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए 10 टेस्ट सीरीज क्रमशः पहले सहायक शिक्षक के लिए टेस्ट हुआ। जो संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट हुआ।



छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के मुख्य परीक्षा के लिए 7 टेस्ट सीरीज के क्रम में सोमवार को सातवां व अंतिम टेस्ट पेपर - 7 सामान्य अध्ययन का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 200 नंबर का पेपर हुआ। इसमें सामाजिक एवं महत्वपूर्ण विधान, अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खेल घटना एवं संगठन, अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय शैक्षिक संस्थाएं एवं मानव विकास विकास में उनका योगदान आदि के प्रश्न पूछे गए थे। शिक्षक पात्रता परीक्षा हेतु 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में सोमवार को शिक्षक हेतु टीईटी का पांचवा व अंतिम टेस्ट पेपर संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -10 हुआ। जिसमें कुल 150 नंबर का पेपर हुआ। इसमें बालविकास,हिंदी, अंग्रेजी, गणित, पर्यावरण आदि के प्रश्न पूछे गए थे। पांचवां व अंतिम टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 111 परीक्षार्थियों और अन्य शिक्षक पात्रता परीक्षा की तैयारी करने वाले 49 परीक्षार्थियों कुल 160 परीक्षार्थि शामिल हुए। ज्ञातव्य हो कि मुख्य परीक्षा के लिए कुल 36 विद्यार्थियों नें अपना पंजीयन कराया था। जबकि शिक्षक, सहायक शिक्षक भर्ती व पात्रता परीक्षा के लिए संस्था में अध्ययनरत 280 विद्यार्थियों ने जबकि संस्था के बाहर से 160 विद्यार्थी कुल 340 विद्यार्थी मेगा टेस्ट सीरिज में शामिल हुए।

## पर्व : बागबाहरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद उल जुहा का पर्व

# ईद उल जुहा पर अता की गई विशेष नमाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ईद उल जुहा या बकरी ईद मुसलमानों के लिए सबसे बड़ा त्यौहार है। रमजान ईद के पवित्र महीने के बाद ईद उल जुहा मनाया जाता है। ईद उल जुहा का त्यौहार यह दुनियाभर के मुसलमानों के लिए बेहद अहम है। नगर में स्थित नवागांव के ईद भाठा में सोमवार को सुबह 8 बजे ईद उल जुहा की नमाज अदा की गई। ईद उल जुहा त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एक दूसरे का मुबारक दी गई। ईद उल जुहा की नमाज मौलना ईरफानुलहक द्वारा अदा करवाई गई। ईद के मुबारक मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों एक दूसरे को गले मिलकर मुबाकर बाद दी। ईद के दिन परिवार वाले दोस्त एक जगह एकत्रित होकर एक दूसरे को बधाई देते हैं। बकरी ईद कुरबानी से जुड़ी त्योहार है। और यह अल्लाह के प्रति समपर्ण है। यह त्योहर खुशियां बांटने और गरीबों और बेसहरा लोगों की मदद करने का भी होता है। ईद उल जुहा बकरी ईद को कहा जाता है। मीठी ईद यानी इदुल फितर के 70 दिनों के बाद बकरी ईद का त्यौहार मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा मनाया जाता है। ईद उल जुहा मुस्लिम समाज का आखिरी 12 महीना होता है। इस दिन सबसे पहले ईदगाह में नमाज अदा की जाती है। पश्चात अपने अपने घरों में जानवारों की कुरबानी दी जाती है। ईद के दिन सभी बच्चे बूढ़े नए कपड़े पहनकर एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। मौलाना ईरफानुलहक द्वारा ईद कि विशेष नमाज अदा करवाई गई तथा खुदा अमन चैन की दुआ मांगी गई।



इस अवसर पर मुस्लिम समाज के सदर व नगर सहित ग्रामीण लोग उपश्थित थे। ईद उल जुहा ये दुनियाभर में मनाया जाने वाला प्रमुख त्यौहार है। इसे बकरी ईद के नाम से भी जाना जाता है।

## पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन पहुंचे ईदगाह, मुस्लिम जमात की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व नपा उपाध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिभुवन महिलांग ने सोमवार को बकरीद पर्व के मौके पर एकता चौक स्थित ईदगाह मैदान पहुंचे। यहां उन्होंने बकरीद की नमाज अता करने उपस्थित हुए मुस्लिम जमात के लोगों से मुलाकात की और गले मिलकर उन्हें बकरीद पर्व की बधाई दी। मुस्लिम जमात ने महिलांग का इस्तकबाल किया और उन्हें भी पर्व की बधाई दी। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम जमात के लोग मौजूद रहें।



## स्थानीय युवाओं का हक छीनकर आउट सोर्सिंग की प्लानिंग कर रहा भाजपा सरकार : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं को शासकीय नौकरी में भर्ती का झांसा देकर सरकार में आई जुमलेबाज भाजपा सरकार ने अब स्वास्थ्य विभाग में आउट सोर्सिंग के माध्यम से डाक्टरों की भर्ती करने का प्लान तैयार किया है, जो स्थानीय पढ़े-लिखे डिग्रीधारी युवाओं की उम्मीद पर कुठाराघात है।



चंद्राकर ने कहा कि राज्य सरकार के मंत्री यह तर्क देते हैं कि स्थानीय स्तर पर आवेदन न आने पर अन्य राज्यों से बुलाकर डाक्टरों को नौकरी दी जाएगी। लेकिन, उनका यह तर्क सच्चाई से परे है। क्योंकि, रमन राज के समय राजधानी के आम्बेडकर अस्पताल में ही 2014 में जब 33 वार्ड ब्वॉय की वेकेंसी निकली थी तब 46 हजार आवेदन मिले थे, जो मूल छत्तीसगढ़ निवासी थे, और बीई से लेकर और भी उच्च शिक्षित थे, ऐसे में उनका यह तर्क तो सरासर झूठ है। सच्चाई यह है कि पहले भी राज्य की रमन सरकार स्थानीय युवा विरोधी थे, और वर्तमान में भाजपा की साय सरकार भी उसी राह पर चल रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा के रमन सिंह शासन काल में बड़ी मात्रा में आउट सोर्सिंग के माध्यम से हर विभाग में चपरासी से लेकर अधिकारी तक दूसरे प्रदेशों के लोगों की भर्ती की गई। इसका फायदा भाजपा के तमाम छोटे से लेकर बड़े नेताओं ने जमकर कमीशनखोरी कर उठाया तथा करोड़ों का वारा-न्यारा किया। शैक्षणिक और तकनीकी योग्यता को दरकिनार कर संघियों को उपकृत किया जाता रहा। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में बेरोजगार, पढ़े-लिखे नौजवानों के हित में उनके अधिकारों की रक्षा करने आउट सोर्सिंग सिस्टम को पूरी तरह खत्म किया गया था। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने अपने 5 साल के कार्यकाल में में 5 लाख से अधिक नए नौकरियों के अवसर सृजित किये। केवल सरकारी विभागों में ही लगभग 1 लाख रिक्त पदों पर नियमित भर्ती की।

स्वास्थ्य विभाग में डाक्टर, विशेषज्ञ, नर्स और तकनिशियनों सहित 4 हजार से अधिक नियमित पदों पर भर्तियां की। अब एक बार फिर वही, दौर शुरू हो गया है। आरएसएस के लोगों को एंट्री कराने की प्लानिंग हो रही है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न सरकारी विभागों में नियमित पदों पर लगभग 48 हजार नौकरियां जो पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय से प्रक्रियाधीन है, उसे भाजपा की सरकार आने के बाद बाधित कर दिया गया है। आउट सोर्सिंग छत्तीसगढ़ के बेरोजगारों का सबसे बड़ा अपमान है।

# एलम में हुए भ्रष्टाचार की गवाह बनी पीएचई विभाग की रिपोर्ट : रोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा ने कहा कि निगम में एलम सप्लाई में भ्रष्टाचार हुआ है।

एलम की क्वालिटी को खराब बताते हुए जांच की मांग की थी। श्री रोहरा ने कहा कि इस पर तत्काल आयुक्त ने सैंपल धमतरी पीएचई विभाग को भेजा लेकिन जांच रिपोर्ट आने के पूर्व ही ठेकेदार को वापस कर दिया गया। पीएचई विभाग की रिपोर्ट में एलम को गुणवत्ता हीन बताया गया। उन्होंने इस पर कमीशन खोरी, भ्रष्टाचार की आशंका जताई। श्री रोहरा ने आगे कहा कि जांच रिपोर्ट के पूर्व एलम को वापस नहीं करना था। सप्लाई होने के पूर्व ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता की जांच कराई जाती है जिसकी राशि बिल में जोड़ कर दिया गया लेकिन गुणवत्ता की रिपोर्ट फाइल से गायब है।



जल सभापति ने मीटिंग में जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई करने की बात कही थी। हकीकत यह यह कि बैठक के पूर्व जांच रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। जल सभापति ने कहा था कि एलम की जांच रिपोर्ट आने पर हम कार्रवाई करेंगे जबकि उनके पास पहले से एलम की रिपोर्ट है। नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाते हुए कहा कि जांच रिपोर्ट आ गई है जिनमें गुणवत्ताहीन पाई गई। जिन अधिकारियों के आदेश से एलम वापस किया गया है, उन पर ठोस कार्रवाई हो।

पार्षद श्यामा साहू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने जनता के हित में इस मुद्दे को उठाया है। जांच रिपोर्ट में गुणवत्ता की कमी की बात सामने आई है, जिसके आधार पर संबंधित अधिकारी पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। धनीराम सोनकर, बिशन निषाद, दीपक गजेंद्र, श्यामलाल नेताम, प्रकाश सिन्हा, हेमंत बंजारे, विजय मोटवानी, अज्जू देशलहरे, मिथिलेश सिन्हा, ईश्वर सोनकर, प्राची सोनी, सरिता असाई, श्यामा साहू, सुशीला तिवारी, रश्मि द्विवेदी , नीलू डागा, रितेश नेताम ने गुणवत्ताहीन रिपोर्ट आने पर सभापति से कार्रवाई करने की मांग की है।

### बलौदाबाजार घटना पर कांग्रेस का आज प्रदर्शन

**कांकेर।** बलौदा बाजार की घटना के मामले में कांग्रेस का 18 जून को दोपहर 12 बजे जिला मुख्यालय कांकेर के पुराने बस स्टैंड में जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री व डौडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया उपस्थित रहेंगी। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुनील गोस्वामी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के नाकामियों एवं लचर कानून व्यवस्था के कारण से बलौदाबाजार जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में में तोड़फोड़ व आगजनी की घटना घटित हुई है, जिसके परिणामस्वरूप जिले की आम जनता एवं निर्दोषजन को नुकसान भुगतना पड़ रहा है।

## एमजेएफ शैलेश अग्रवाल अपनी आधिकारिक यात्रा पर धमतरी पहुंचे

# डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने लायंस क्लब की साल भर की गतिविधियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन शैलेश अग्रवाल अपनी आधिकारिक यात्रा पर धमतरी पहुंचे। लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स के साल भर की गई गतिविधियों का जायजा लिया।

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का शहर पहुंचने पर लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स के पूर्व अध्यक्ष भूपेश शाह व विजय अग्रवाल ने गुजराती कॉलोनी में स्वागत किया। इसके बाद डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने नूतन स्कूल सिहावा चौक एवं रत्नाबांधा चौक रजा मार्केट स्थित धमतरी ब्लड बैंक का निरीक्षण किया जहां लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स द्वारा किए गए कार्यों की उन्होंने प्रशंसा की। मुख्य आयोजन साहेब पूल परिसर में हुआ। ध्वज पठन अभय थिटे द्वारा किया गया। स्वागत गीत पूजा साहू, शकुंतला साहू व ज्योति लुनिया ने प्रस्तुत किया । अध्यक्ष लायन मनोज सोनी ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर को लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स की गतिविधियों से अवगत कराया।



### उल्लेखनीय कार्य के लिए किया सम्मानित

इस दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने रक्तदान के लिए शिव प्रधान को, पर्यावरण संरक्षण के लिए मितेश राखेचा को, बेजुबान जानवरों की सेवा करने के लिए पुष्पेंद्र वाजपेई को एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए डॉक्टर आदित्य सिन्हा एवं डॉक्टर नीलेंद्र चक्रवर्ती को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

जल शक्ति अभियान अंतर्गत जल संरक्षण की शपथ सुरेंद्रपुरी गोस्वामी द्वारा दिलाई गई। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की माताजी की पुण्य स्मृति में एक पौधा मां के नाम रोपित किया गया। पितृ दिवस के उपलक्ष्य में सभी सदस्यों की ओर से एक पौधा पिता के नाम रोपित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कामिनी कौशिक एवं हरख जैन ने किया। आभार प्रदर्शन इंदर रामरख्यानी ने किया। मौके पर लायन मनोज सोनी, अजय पारेख, लक्ष्मण हिंदूजा, दिलावर रोकडिया, सुरेंद्र पुरी गोस्वामी, प्रदीप गोलछा, विजय अग्रवाल, हरजिंदर छाबड़ा, धनंजय किरी, शकुंतला साहू, भूपेश, पूजा साहू, ज्योति लूनिया, इंदर रामर,यानी, हरख जैन, कामिनी कौशिक, लोकेश चोपड़ा, डॉ. नीलेंद्र चक्रवर्ती, अभय थिटे, मितेश राखेचा, शिवा प्रधान, पुष्पेंद्र बाजपेई, जैनेंद्र शर्मा, डॉ. आदित्य सिन्हा, अंजुला सोनी एवं श्रीमती चोपड़ा उपस्थित थे।

# ढाई करोड़ के 32 ई-टायलेट कबाड़, दो कंपनियां छोड़कर भागीं, अब री-टेंडर

■ दोबारा मरम्मत के लिए इस्टीमेट बनवा रहा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के आधा दर्जन सार्वजनिक और भीड़भाड़ वाले इलाकों में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा बनवाए गए 32 ई-टायलेट कबाड़ हो गए। देखरेख के अभाव में असामाजिक तत्वों ने कहीं ई-टायलेट में लगाई गई महंगी स्टील प्लेट पार कर दी तो कहीं स्टील से बना दरवाजा काटकर ले गए। ई-टॉयलेट में प्रयुक्त महंगे स्टील के पार्ट्स भी गायब हैं। अब इनकी दोबारा मरम्मत कराने नगर निगम ने निजी एजेंसी से ई-टॉयलेट की जांच कर इसमें लगने वाले अनुमानित खर्च का इस्टीमेट बनाने का जिम्मा दिया है। इस्टीमेट की स्वीकृति के बाद एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 4 साल पूर्व शहर के 6 प्रमुख स्थानों पर 32 ई-टायलेट बनवाए गए। इनमें एम्स हास्पिटल के सामने, सरस्वती नगर थाने के पास, पं. रामदयाल तिवारी स्कूल के बाजू वाली जगह, मेकाहारा के सामने, आनंद नगर केनाल रोड और कटोरा तालाब के सामने ई-टायलेट की सुविधा शुरू की गई थी। इन टॉयलेट के निर्माण और मेंटेनेंस के लिए हैदराबाद की एक कंपनी से अनुबंध किया गया। अनुबंधित कंपनी से इसके लिए 72 लाख रुपए सुरक्षानिधि के रूप में जमा कराए गए, पर ई-टॉयलेट निर्माण के कुछ महीने बाद अनुबंधित कंपनी नदारद हो गई, जबकि अनुबंध की शर्त अनुसार उसे 5 साल तक ई-टॉयलेट का मेंटेनेंस व संचालन करना था। इधर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अनुबंधित कंपनी द्वारा काम बीच में छोड़े जाने की स्थिति में 72 लाख की सुरक्षा निधि को राजसात कर लिया। कंपनी के यहां से भाग जाने के बाद 2021 तक ई-टॉयलेट का मेंटेनेंस नहीं हो पाया। वर्ष 2022 में रायपुर स्मार्ट सिटी ने फिर से इन ई-टॉयलेट के मेंटेनेंस के लिए रायपुर की होप फॉर ह्यूमिनिटी एजेंसी से अनुबंध किया।

*प्रोजेक्ट निगम को हैंडओवर : कबाड़ हो चुके ई-टॉयलेट के 32 यूनिट वाले प्रोजेक्ट को रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 2 माह पूर्व नगर निगम के स्वच्छता विभाग को हैंडओवर कर दिया है। अब ई-टॉयलेट की मरम्मत, देखरेख और संचालन के लिए नगर निगम नई एजेंसी तय करेगा।*



### जल्द करेंगे टेंडर

ई-टॉयलेट की मरम्मत और संचालन के लिए एजेंसी तय करने जल्द ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा। अनुबंध में 3 साल तक ई-टॉयलेट की मरम्मत और संचालन की शर्त शामिल रहेगी।

**- रघुमणि प्रधान,** नोडल अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन, ननि रायपुर

# फेक करेंसी, नौकरी का झांसा, जालसाजों ने 25 हजार से ज्यादा लोगों को फंसाकर ठगा

ज्यादातर फेक करेंसी दूसरे प्रदेशों में खपाने का काम कर रहे थे जालसाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

कॉल सेंटर की आड़ में नौकरी लगाने का झांसा देने तथा नकली नोट छापने वाले जिस रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है, उनके बारे में कई अहम जानकारियां मिली हैं। पुलिस के मुताबिक, जालसाज फेक करेंसी छापकर दूसरे प्रदेशों में चलाने तथा बेचने का काम करते थे। साथ ही स्थानीय स्तर पर जालसाज शराब खरीदने तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों में फेक करेंसी खपाने का काम करते थे। गौरतलब है कि पुलिस ने राजधानी के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में नौकरी लगाने के नाम पर कॉल सेंटर चलाने वाले रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए आठ जालसाजों को गिरफ्तार किया है। जालसाज पिछले चार साल से ठगी का कारोबार संचालित कर रहे थे। पुलिस ने जालसाजों के कब्जे से 25 रजिस्टर जब्त किए हैं। पुलिस ने इन रजिस्टरों की पड़ताल की तो पता चला कि जालसाजों के संपर्क में रहने वाले हिंदी भाषी राज्यों के अलावा नार्थ-ईस्ट राज्यों के बेरोजगार संपर्क में थे। पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक जालसाजों ने कॉल सेंटर की आड़ में नौकरी लगाने के नाम पर 25 हजार से ज्यादा लोगों के साथ ठगी की है।

### आसपास के राज्यों की पुलिस को देंगे सूचना

क्राइम डीएसपी संजय सिंह के मुताबिक जालसाजों ने जिन राज्यों के बेरोजगारों के साथ घटना को अंजाम दिया है, उसकी डिटेल तैयार की जा रही है। इसके बाद संबंधित राज्यों की पुलिस को स्थानीय पुलिस सूचना देगी। साथ ही उन राज्यों में ठगी की शिकायत दर्ज कराने वाले पीड़ितों के बारे में जानकारी हासिल कर पुलिस उनसे आवश्यक डाक्यूमेंट मंगाएगी।


अलीबाबा साइट से चाइना से वाटर मार्क मंगाकर बना रहे थे नकली नोट
फर्जी वेब सीरीज देख खोला 'फर्जी' कॉल सेंटर
नकली नोट बनाए, आठ राज्यों में ठगी की दुकान

### कर रहे जांच

प्रारंभिक पड़ताल में जालसाजों द्वारा 25 हजार से ज्यादा लोगों के साथ ठगी करने की जानकारी मिली है। साथ ही नकली नोट बनाकर खपाए गए हैं। आशंका है कि उन लोगों ने नकली नोट शराब दुकान में खपाने के साथ पड़ोसी राज्यों में भेजे है। इसकी जांच की जा रही है।

**- संजय सिंह**
डीएसपी क्राइम

**खबर संक्षेप**

## मां विंध्यवासिनी युवा रक्तवीर टीम का भिलाई में सम्मान

**धमतरी।** मां विंध्यवासिनी युवा रक्तवीर टीम के सदस्य जरूरतमन्द मरीजों को निःशुल्क ब्लड देते हैं। उनके इस सेवाभावी कार्य के लिए टीम के अमित सोना का विश्व रक्तदाता दिवस पर भिलाई में भगवान राम की फोटो देकर सम्मान किया गया। इस अवसर वर अमित सोना ने कहा कि युवाओं को बिना डर, बिना झिझक और बिना संकोच के रक्तदान करना चाहिए। इससे देश में हो रहे ब्लड की कमी को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सन्ना ब्लड बैंक के सूरज साहू ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा में हमेशा आगे आने वाले युवाओं का संस्था सम्मान करती है।

## मुड़पार स्कूल की शिक्षिका हुई सम्मानित

**धमतरी।** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार लाने वाली प्राथमिक शाला मुड़पार की शिक्षिका माहेश्वरी सिन्हा को कलेक्टर नम्रता गांधी ने सम्मानित किया। उनके द्वारा शिक्षा में नवाचार लाने शैक्षिक कार्यों, शिक्षकों की नई गतिविधियों को साझा करने और शिक्षकों को शैक्षिक सहायता प्राप्त करने के लिए जिले में विनोबा एप से कार्य किया जा रहा है। अप्रैल माह में बेहतर काम करने वाले शिक्षकों को गत दिनों कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा कलेक्ट्रेट के सभागार में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव, डीईओ डीआर जगदल्ले समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## बच्चों को बताए आगजनी से निबटने के उपाय

**धमतरी।** नगर सेना ने बालगृह में रहने वाले बच्चों को आगजनी से निबटने के टिप्स दिए। आगजनी के अलग-अलग मामलों में उन्हें अलग-अलग तरीके से आग बुझाने के उपाय भी बताए गए। अंचल में लगातार आगजनी की घटनाएं बढ़ रही हैं। इन घटनाओं से निबटने के लिए जानकारी और अनुभव नहीं होने के कारण लोग ज्यादा मदद नहीं कर पाते हैं। स्थिति को देखते हुए फायर ब्रिगेड द्वारा समय-समय पर लोगों को आगजनी से निबटने के लिए तैयार किया जाता है। इसी के तहत शनिवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से प्रतिज्ञा विकास संस्थान द्वारा संचालित बालगृह में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान यहां रहने वाले बच्चों को आगजनी की घटनाओं से निबटने के लिए टिप्स दिए गए। फायरमैन हितेश पवार, भरत ठाकुर, देवेंद्र साहू, दिलीप निषाद ने घरेलू गैस, ईंधन, बिजली शॉर्ट सर्किट सहित अन्य मामलों में होने वाले आगजनी से निबटने के तरीकों की जानकारी दी। इस अवसर पर बालगृह के अधीक्षक खुलेश साहू आदि उपस्थित थे।

## बच्चों ने सीखा संगीत कला और गायन

**धमतरी।** भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष पालनहार मेश्राम के नेतृत्व और दानीटोला वार्ड धमतरी निवासी कुंजीलाल कुटारे की स्व. माता सोना बाई कुटारे की स्मृति में संगीतकला और गायन का आयोजन दानीटोला वार्ड अंबेडकर मंगल भवन धमतरी में रखा गया। यह प्रशिक्षण एक महीने तक सभी वर्ग के बच्चों के लिए निःशुल्क रखा गया।

### नवनिर्वाचित सांसद के प्रथम नगर आगमन पर स्वागत, निकली आभार रैली

# भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से लोस चुनाव में मिली जीत : रूपकुमारी

- केंद्र में मोदी सरकार देश के विकास में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी : रंजना
- डबल इंजन की सरकार बनाने में मातृशक्ति एवं युवाओं ने निभाई महती भूमिका : प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से जीत हासिल करने के बाद नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी का धमतरी विधानसभा में आगमन हुआ। भोथली मंडल के ग्राम सिवनी, गंगरेल मंडल के ग्राम रुद्री, आमदी मंडल के ग्राम रांवा में सभा को संबोधित किया। मां विंध्यवासिनी की पूजा-अर्चना कर रामबाग से घड़ी चौक तक पदयात्रा करते हुए आभार रैली निकाली। इस अवसर पर सांसद रुपकुमारी चौधरी ने कहा कि यह जीत ऐतिहासिक रही। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में सर्वाधिक लीड धमतरी विधानसभा में मिली है। यह जीत कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने कहा कि सेवा और सुशासन से पुनः केंद्र में मोदी सरकार देश के विकास में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनाने में मातृशक्तियों एवं युवा वर्ग ने महती भूमिका निभाई है। अब जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर निगम, नगर पंचायत, पंच सरपंच चुनाव में जीत का परचम लहराना है और ट्रिबल इंजन की सरकार बनाएंगे।

आभार रैली में चुनाव संचालक प्रकाश गोलछा, जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदूजा, महामंत्री अविनाश दुबे, रूपचंद साहू, नेहरू निषाद, दयाराम साहू, कुंजलाल देवांगन, नरेंद्र रोहरा, गीतेश्वरी साहू, अवनेंद्र साहू, खिलेश्वरी किरण, हेमंत माला, तेजराम साहू, आमदी मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु, शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू, भोथली मंडल अध्यक्ष हेमंत चंद्राकर, गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेश साहू, भाजयुमो जिला अध्यक्ष कैलाश सोनकर, शशि पवार, चंद्रकला पटेल, महेंद्र पंडित, महावीर चोपड़ा, पार्वती वाधवानी, हेमलता शर्मा, सरिता जैन, अहमद अली, बीथिका विश्वास, कविंद्र जैन, महामंत्री जय हिंदूजा, विजय मोटवानी, रितिका यादव, निलेश लुनिया, अखिलेश सोनकर समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जगदीश मंदिर धमतरी ट्रस्ट का हुआ गठन



किरण गांधी | सत्यनारायण राठी | प्रकाश गांधी | लखमशी भानुशाली | मोहन अग्रवाल

- किरण कुमार गांधी को अध्यक्ष एवं प्रकाश को मिली सचिव पद की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आषाढ़ मास की द्वितीय तिथि को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा मठ मंदिर चौक से शहर के मुख्य मार्ग में होते हुए गौशाला तक निकलती है। धमतरी में 105 वर्षों से आयोजित होने वाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शहर ही नहीं बल्कि आसपास के गांव के भक्तगण भी बड़ी संख्या में सम्मिलित होते हैं। जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में निकलने वाली रथयात्रा से पूर्व जगदीश मंदिर ट्रस्ट का गठन किया गया। अध्यक्ष किरण कुमार गांधी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण राठी, सचिव प्रकाश गांधी, सहसचिव मोहन अग्रवाल व कोषाध्यक्ष लखमशी भानुशाली बनाए गए हैं। इस दौरान ट्रस्टी श्यामसुंदर अग्रवाल, डॉ. हीरा महावर, श्याम अग्रवाल, हर्षद मेहता, गोपाल शर्मा, लक्ष्मीचंद बाहेती, मदनमोहन खंडेलवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, रमेश लाट, भरत सोनी, बालकृष्ण महाराज, अजय अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, अनिल मित्तल, विनोद अग्रवाल उपस्थित थे।

इस अवसर पर श्री जगदीश मंदिर धमतरी ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण कुमार गांधी ने बताया कि शहर में आस्था व श्रद्धा के साथ भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाती है। इसमें जिलावासियों के साथ गणमान्य नागरिकों का सहयोग रहता है। आगामी रथयात्रा को भी सभी की सहभागिता से भव्य एवं दिव्य स्वरूप देने का प्रयास किया जाएगा।

## बच्चों के समग्र विकास के लिए खेल जरूरी : ओंकार

- पीजी कालेज मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पीजी कालेज मैदान में फुटबॉल क्लब धमतरी के तत्वावधान में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया। अपने उद्बोधन में श्री साहू कहा कि मैं अपनी विधानसभा के बच्चों को बहुत अच्छा फुटबॉल खेलते देख रहा हूं। ये बच्चे आगे चलकर अपने माता-पिता, गुरुजनों और धमतरी क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। आगे कहा कि हमने अक्सर माता-पिता को यह कहते सुना है कि बच्चों को अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए लेकिन बच्चों के समग्र विकास के खेलों को अपनी दिनचर्या में शामिल करना होगा। खेलकूद बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने में मदद करता है। खेल जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है। इससे टीम भावना का विकास होता है। व्यक्ति में सामाजिक कौशल, सहयोग, एकता और टीम भावना के लिए खेल जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोमेश मेश्राम ने की। उन्होंने भी कार्यक्रम को संबाधित किया। मौके पर धर्मेन्द्र पटेल, पंकज चन्द्राकार, प्रदीप सिन्हा, नामदेव राय, दिनेश रामटेके, ऐश्वर्या सिन्हा, देव साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## देश में अमन, चैन व खुशहाली की दुआ मांगी

### ईद उल अजहा पर शहर में बिखरी खुशियां, जामा मस्जिद में की गई नमाज अदा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

त्याग और बलिदान के पर्व ईद उल अजहा पर शहर में खुशियां बिखरी। सुबह 6 बजे जामा मस्जिद में नमाज अदा की गई। उसके बाद सुबह सवा 10 बजे रत्नाबांधा चौक स्थित ईदगाह में सामूहिक नमाज हुई।

लोग इस्लामी लिबाज में सज-धजकर नमाज अदा करने पहुंचे थे। नमाज से पहले तकरीर में जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना रहमानी रजा मिस्बाही ने कुर्बानी का महत्व बताया।

उन्होंने कहा कि लोगों में त्याग की भावना का होना जरूरी है। अगर किसी की मदद करनी हो तो अपने पैसों व अपने समय का त्याग करना चाहिए।

कुर्बानी एक अजीम इबादत है लेकिन सिर्फ कुर्बानी देकर हम अल्लाह को खुश नहीं कर सकते। अल्लाह की रजा हासिल करने के लिए हमें अपने मां-बाप का कहना मानना चाहिए।

बुजुर्गों की इज्जत करनी चाहिए। सच के साथ खड़ा रहना चाहिए, किसी की तकलीफ का कारण नहीं बनना चाहिए। ईद उल अजहा की नमाज के बाद एक साथ हजारों हाथ दुआ के लिए उठे जिसमें पूरे देश में अमन, चैन व खुशहाली के लिए दुआ की गई। सलातो सलाम का नजराना पेश करने के बाद एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हुआ जो दिन भर चलता रहा। लोग कब्रिस्तान पहुंचे जहां फातिहा पढ़कर मरहूमों के हक में दुआ की गई।

इस अवसर पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर हाजी तस्लीम खान, पूर्व सदर हाजी नसीम अहमद, हाजी अशफाक अली हाशमी, हाजी शरीफ रोकडिया, हाजी सलाम खत्री, नवाब खान, हाजी अय्यूब निर्बान, हाजी अहमद रजा, हाजी सलीम रोकडिया, वसीम कुरैशी, अब्दुल रज्जाक रिजवी, मोहम्मद शाह अहमद, हाजी दिलावर रोकडिया, अवैश हाशमी, तनवीर कुरैशी समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद देने कांग्रेस नेता हरमिंदर छाबड़ा, बसपा नेता आशीष रात्रे समेत अन्य पहुंचे थे।

## आयुष योगा वेलनेस सेंटर में योग शिविर का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आयुष योगा वेलनेस सेंटर पालीक्लिनिक कलेक्ट्रेट परिसर रुद्री रोड धमतरी में 21 जून तक 5 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया है। इस दौरान प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक योग सिखाया गया है। योग चिकित्सक डा. रेवती नेताम ने मानसिक तनाव से निजात दिलाने, कमजोर पाचन तंत्र को मजबूत करने, फेफड़ा, मस्तिष्क में आक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने वाले, सर्वाइकल, कमर दर्द, पीठ दर्द, हाथ पैर दर्द दूर करने वाले योगासनों का लाभ बताते हुए योग अभ्यास करवाया। पर्वतासन, वज्रासन, शशांक आसन, तितली आसन, उष्ट्रासन, शव आसन, पवन मुक्तासन सहित 15 प्रकार के अलग-अलग योग का अभ्यास करवाया। डा. नेताम ने कहा कि नियमित रूप से योगाभ्यास करते रहेंगे तो शरीर एवं मन से संबंधित बीमारियां नहीं होंगी। प्राणायाम में अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी का अभ्यास करवाकर मन को शांत रखने के तरीके भी बताए। योग सहायिका रुचि साहू और सृष्टि मगर के साथ खुशी साहू ने प्रत्येक आसन करके दिखाया।

## योग दिवस की तैयारी को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कृषि उपज मंडी धमतरी में योग दिवस की तैयारी हेतु बैठक रखी गई जिसमें क्रीड़ा भारती संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, वरिष्ठ सलाहकार एवं वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी एआर थिटे, सत्यवान यादव, सचिव रामकुमार साहू, महामंत्री ननकू महाराज, जिला खेल प्रभारी टिक्की निर्मलकर, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी, डॉ. दिनेश नाग आरोग्य भारती प्रदेश सचिव, यशवंत साहू, विजय यादव, फ्रीडम एकेडमी से एलके साहू, योग प्रशिक्षिका उत्तरा, संतोषी, अंजुलता उपस्थित थे।

## सत्संगरुपी पानी से मन को शुद्ध करना चाहिए : उत्तम साहेब

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- लिमतरा में मनाई गई कबीर जयंती



ग्राम लिमतरा में ध्रुवंशी परिवार एवं ग्रामीणजनों के सहयोग से सामुदायिक भवन में कबीरदास की जंयती मनाई गई। संतों एवं ग्रामीणों ने संध्या पाठ एवं भजन प्रस्तुत किया । इस अवसर पर उत्तम साहेब ने अपने प्रवचन में कहा कि ज्ञान रुपी साबुन और सत्संग रुपी पानी से मन एवं शरीर को शुद्ध करना चाहिए। कबीर के उपदेशों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। कार्यक्रम में विरेंद्र ध्रुवशी, प्रीतम, जोइधा, तेजराम, अशोक साहू, घनश्याम सिंह साहू, ऋषि कुमार, भावार्थ अग्रवाल, कार्तिक राम, अवध, भुनेश्वर, विजय, परस, कोमल, घनश्याम, अवधराम, महेश समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## तुलसीदास-रत्नावली की कथा ने किया भावविभोर

**नगरी।** ग्राम छिपली में मानसगान का आयोजन किया गया। तकुड़ेरा दादर चुरा के कामता प्रसाद ने कहा कि भक्ति करना चाहते हो तो तुलसीदास एवं रत्नावली की तरह प्रेम हो। रत्नावली के प्रेम में तुलसीदास ने लाश को नाव समझकर नदी पार कर लिया। इस आयोजन में लक्ष्मी नाथ, अरविंद कुमार सोम, अरुण सोम, जनपद नगरी सभापति मन्नू यादव, सरपच संत नेताम, हृदय साहू, गणेश नगारची, गोविंद सोम, नकुल सोम, लोकनाथ देव, भानु साहू मंच संचालक अमाली, आशीष नाग सहित ग्रामीणजनों का योगदान रहा।

## सतनामी समाज ने फाइनल में देवांगन समाज को दी मात



- मॉर्निंग क्रिकेट क्लब ने पीजी कॉलेज स्टेडियम में हिंदू प्रीमियर लीग का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मॉर्निंग क्रिकेट क्लब द्वारा हिंदू प्रीमियर लीग का आयोजन पीजी कॉलेज स्टेडियम में किया गया था जिसमें हिंदू समाज की 18 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला सतनामी समाज व देवांगन समाज के मध्य खेला गया। फाइनल मैच 12-12 ओवरों का खेला गया। टॉस जीतकर सतनामी समाज की टीम ने पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया। देवांगन समाज की टीम ने 12 ओवर में छह विकेट देकर 123 रनों का लक्ष्य रखा। सतनामी समाज की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए शेष 1 बॉल रहते हुए यह मुकाबला 6 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच सतनामी समाज टीम के कप्तान रघुवीर बघेल रहे जिन्होंने पहले गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट चटकाए और उसके बाद दूसरी इनिंग में बल्लेबाजी करते हुए 44 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेलकर सतनामी समाज टीम को जीत दिलाई।

टूर्नामेंट के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रघुवीर बघेल रहे। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज खेमलाल महिलांगे जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 263 रन बनाए। बेस्ट बॉलर के रूप में आकाश डिंडोलकर ने पूरे टूर्नामेंट में गेंदबाजी करते हुए 21 विकेट लिए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, जिला मंत्री रामचंद्र एवं जिला कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने निरन्तर खेल भावना के साथ खेलने की बात कही। श्री ठाकुर ने कहा कि आउटडोर खेलों का आयोजन लगातार किया जाना चाहिए। इससे सर्वांगीण विकास होता है।

## गायत्री शक्तिपीठ में मनाया गया गंगा दशहरा

- दो कुण्डीय यज्ञ के साथ हुआ देव पूजन, देव शक्तियों का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में गंगा दशहरा पर्व और गायत्री जयंती मनाई गई। मां गंगा सहित सभी देव शक्तियों का आह्वान व पूजन किया गया। मां गंगा की चालीसा का सस्वर पाठ किया गया। गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में प्रातः 9 बजे से देव पूजन दो कुण्डीय यज्ञ के माध्यम हुआ। परिजनों ने यज्ञ देवता को आहुतियां प्रदान की। संस्कार के क्रम में ग्राम डोड़की से आये बालक नित्यांश सेन का मुंडन संस्कार और सेहराडबरी की जयस्वी साहू का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न हुआ। इस अवसर पर हर्षद मेहता, आरपीएस कौशिक, खिलेश्वरी किरण, राजकुमार साहू, यशोदा साहू, अंजना रणसिंह, डॉ. यशवंतराव रणसिंह, डॉ. विकास साहू, निर्मला कश्यप, लालाराम मगेन्द्र, गोविन्द मीनपाल, चमेली साहू, प्रतिभा सिन्हा, गायत्री साहू, प्रतिभा साहू, कुमारी शुक्ला, अन्नपूर्णा पांडेय, कावेरी पदमवार, माखनलाल साहू, वीरेन्द्र सिन्हा, गीतिका तारम, आरके तारम, सरिता सिन्हा, रेखा राजपूत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और परिजन उपस्थित थे। शेखनलाल साहू ने यज्ञ का संचालन किया।




